भा.क.नि.
CCI

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

कपास भवन, 27-ए, रेसकार्स रोड, इंदौर – 452003

दूरभाष : 2434136,2547877 फैक्स : 0731-2530523 मेल : indore@cotcorp.com

वेबसाईट www.cotcorp.org.inMinistry Website : www.ministryoftextiles.gov.in निगमित पहचान संख्या U51490MH1970GOI014733

पूरे मध्यप्रदेश में प्रायवेट गोदाम किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, इन्दौर वर्ष 2020-21 के लिए पूरे मध्यप्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित प्रायवेट गोदामों के मालिकों/कंपनियों से रूई की गांठो के भण्डारण के लिये प्रायवेट गोदाम किराये पर लेने हेतु दो बिड प्रणाली के अन्तर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है ।

निविदा फॉर्म तथा नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस को शाखा कार्यालय, इंदौर से प्रात: 10:00 बजे से सांय 05.00 बजे तक 112/- रूपये **(**जीएसटी सहित) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड, इंदौर के पक्ष में देय हो, देकर दिनांक 21.09.2020 को सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है । गोदाम किराए पर लेने हेतु निविदा सूचना, निविदा फॉर्म तथा नियम एवं शर्तें निगम की वेबसाइट **www.cotcorp.org.in** तथा सरकारी वेबसाईट **www.eprocure.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है । वेबसाइट से डाउनलोड करने पर रुपए 112/- **(**जीएसटी सहित) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि **भारतीय कपास निगम लिमिटेड, इंदौर के पक्ष में देय हो,** निविदा की टेक्नीकल बिड के साथ लगाना आवश्यक है। पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा फॉर्म सीलबंद लिफाफे में दिनांक 22.09.2020 को दोपहर 2.00 बजे तक शाखा कार्यालय में पहुँचना अनिवार्य है । उप महाप्रबन्धक को संबोधित निविदा आवेदन के लिफाफे पर **"फसल वर्ष 2020-21 में रूई की गांठों के भंडारण हेतु गोदाम किराए पर लेने हेतु निविदा"** लिखा होना चाहिए। निविदा दिनांक 22.09.2020 को दोपहर 2.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी।

जो गोदाम मालिक MSE के अंतर्गत आते हैं एवं MSE प्राधिकरण से पंजीकृत हैं, वे वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निविदा शुल्क से मुक्त होंगे । निगम किसी भी निविदा को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

उप महाप्रबंधक

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, इंदौर (म.प्र.)

नियम एवं शर्तें

1. निविदा फार्म निर्धारित प्रपत्र मे ही भरे ।
2. 5000 मेट्रिक टन अथवा 30,000 स्केयर फीट गांठों की भंडारण क्षमता वाले गोदाम को प्राथमिकता दी जायेगी ।
3. समयोपरान्त प्राप्त व अपूर्ण भरी एवं शर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
4. निविदाकर्ताओं को निम्नानुसार निविदा प्रपत्र मे भरनी होगी :-
   लिफाफा 'अ' – लिफाफा 'अ' पर तकनीकी बीड लिखकर उसमें तकनीकी बीड 1रखें ।
   लिफाफा 'ब' – लिफाफा 'ब' पर वित्तीय बीड लिखकर उसमें वित्तीय बीड रखें ।
   लिफाफा 'स' - लिफाफा 'स' पर ''केन्द्रों पर प्रायवेट गोदाम प्रदाता हेतु निविदा लिखकर उसमें अ और ब लिफाफा रखें ।
5 **पार्टी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले स्थान का किराया दर प्रति गांठ प्रति माह की दर से दिया जाये व यह सभी करों सहित होना चाहिए । गोदाम का किराया गाँठो के भंडारण से शुरू होगा एवं गॉठों की डिलीवरी होने तक Pro-rata basis पर अनुबंध के अनुसार भुगतान किया जायेगा ।**
6 गांठो के स्टॉक का Supervision प्रायवेट गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी का होगा । गोदाम में भंडारित निगम के स्टाक का दैनिक आधार पर दिनांकवार, केन्द्रवार एवं लॉट वार एक रजिस्टर बनाना होगा, जिसमें दिन-प्रतिदिन के स्टॉक की एन्ट्री करना अनिवार्य होगा तथा यह रजिस्टर गोदाम के बाहर ऑफिस में रखना अनिवार्य होगा । निगम के दौरा अधिकारियों द्वारा इस रजिस्टर का निरीक्षण किया जायेगा । निगम के शाखा कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार स्टॉक रजिस्टर की मांग पर उसकी प्रति शाखा को प्रेषित करनी होगी । साथ ही गोदाम के मासिक किराये के बिल के साथ भी उक्त स्टॉक रजिस्टर की कापी साथ में लगाना अनिवार्य होगा ।
7 गोदाम सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी की व्यवस्था भी कम्पनी/पार्टी की होगी । गोदाम की चाबी lock & key निगम के अधिकार मे रहेगी । यदि मेनेजमेंट CWC करेगी तो गोदाम की lock & key CWC मेनेजमेंट के पास रहेगी ।
8. गोदाम मे स्थित निगम के स्टाक का रिकार्ड रखने का उत्तरदायित्व गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी का होगा ।
9. गोदाम मे भण्डारित निगम के स्टाक का बीमा निगम द्वारा ही लिया जायेगा परंतु गोदाम बिल्डिंग एवं संपत्ति का बीमा निविदाकर्ता/गोदाम मालिक को लेना अनिवार्य होगा, जिसकी प्रति निगम को उपलब्ध करवाना होगी ।
10 पार्टी द्वारा गोदाम मे निम्न प्रकार की अग्निशमन व्यवस्था होनी चाहिये ।

   1) दरवाजे पर प्रत्येक शटर के पास एक वैध समाप्ति की दिनांक लिखा फायर एक्सटींगसर होना चाहिये ।
   2) प्रत्येक दरवाजे पर पानी से भरे ड्रम एवम रेत से भरी बाल्टीयॉ होनी चाहिए ।
   3) गोदाम के पास वाटर टेंक/हाईड्रेन्ट व कुआँ//बोरवेल होने पर गोदाम को वरीयता दी जायेगी ।
   4) गोदाम परिसर पर CCTV CAMERA की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, जिसका Back up कम से कम 30 दिन का होना चाहिए ।

11. जिन गोदामो मे फायर फाईटिंग एक्सटींगसर/हाईड्रेन्ट/वाटर टेंक/कुआँ/बोरवेल (डीजल पम्प के साथ हो तो उन्हें वरीयता दी जायेगी ।
12 Dunnage कि व्यवस्था प्रायवेट गौदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी की होगी, जिसके लिए कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी ।
13. गोदामों में प्रति दिन साफ-सफाई कि व्यवस्था गोदाम मालिक की होगी ।

14. निगम के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गोदामों के निरिक्षण के दौरान गोदाम प्रबंधक को सम्पूर्ण रिकार्ड से संबधित दैनिक एवम मासिक स्टाक का Certificate देना होगा ।
15. गोदाम मे भण्डारित गांठो की दैनिक विवरणी एवम अन्य विवरणी जो भण्डारित गांठो के संबध मे हो, नियमित रूप से निगम को गोदाम प्रबंधक द्वारा देनी होगी ।
16. गोदाम तक आवागमन के लिये Proper Approach Road का होना आवश्यक है ।
17. गोदाम के फर्श की ऊँचाई सडक की लेवल से कम से कम एक फुट ऊची होनी आवश्यक है ताकि उसमे वर्षा का पानी ना जाने पाये तथा पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए एवं छतो से पानी का रिसाव नही होना चाहिए । अगर रिसाव होता हैं अथवा टूटफूट होती है तो गोदाम मालिक द्वारा तुरन्त मरम्मत करवाना आवश्यक होगा ।
18. गोदाम के फर्श पक्के होने चाहिए ।
19. गोदाम सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त होना चाहिए एवम रुई की गांठो हेतु Storage worthy होना चाहिए ।
20. गांठो का किराया गोदाम मे पडी गाँठों के वास्तविक अवधि के अनुसार देय होगा ।
21. गोदाम मालिक को निगम को गोदाम उपलब्ध कराने के पूर्व 500/- रूपये के नॉन ज्युडीशियल स्टाम्प पेपर पर निगम के साथ अनुबंध कर हस्ताक्षर करना होगा ।
22. गोदाम मालिक द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले गोदाम के किराये का भुगतान बिल प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर-अन्दर किया जायेगा । बिल मासिक आधार पर प्रस्तुत किया जाये ।
23. गोदाम मे हमारे निगम के कर्मचारी के लिए आवश्यकता अनुसार उचित बैठक व्यवस्था करनी होगी तथा गोदाम के बाहर एक सुविधायुक्त कार्यालय अनिवार्य होगा जिसमें भंडारण स्टॉक का रजिस्टर भी रखना अनिवार्य होगा ।
24. गोदाम मालिक/कंपनी को लीज रेंट/लेंड रेवन्यू/प्रॉपर्टी टेक्स एवं अन्य नॉन एग्रीकल्चर टेक्स एवं जो भी अन्य टेक्स हो, टेंडर के समय शेष नहीं होना चाहिए एवं किसी भी प्रकार की वित्तीय जवाबदारी नहीं होनी चाहिये ।
25. गोदाम मालिक/कंपनी को मध्यप्रदेश सरकार के वेयर हाउस नियम कानून का पालन करना होगा । यदि उल्लंघन करते हैं, तो निगम की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी ।
26. गोदाम केवल हमारे अधिकृत अधिकारी द्वारा निरीक्षण के बाद ही फायनल किये जायेगे जिसकी सूचना पत्र/दूरभाष द्वारा गोदाम मालिको को दी जायेगी । गोदामो का चयन रूई गांठो के भण्डारण हेतु उपयुक्तता को देखकर लिया जायेगा ।
27. निविदा फार्म भारतीय कपास निगम लिमिटेड की बेबसाईट www.cotcorp.org.in या सरकारी बेबसाईट www.eprocure.gov.in से डाउनलोड अथवा हमारे कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालयीन समय मे प्राप्त किया जा सकता है ।
28. निविदा निर्धारित समय पर उपस्थित निविदाकर्ताओ की उपस्थिति मे खोली जायेगी ।
29. गोदाम में किसी भी प्रकार का विद्युत या बिजली कनेक्शन नहीं होना चाहिये ।
30. गोदाम के चारों तरफ कम्पाउण्ड वाल होने पर उसे प्राथमिकता दी जायेगी ।
31 गोदाम में गाठों के आवागमन के कारण अगर कोई क्षति होती है तो निगम की कोई जिम्मेदारी नही रहेंगी ।
32 निगम न्यूनतम कार्य की किसी प्रकार की गारंटी नही देता है । निगम गोदाम लेने के लिए बाध्य नही होगा । भण्डारण की आवश्यकता एवं गोदाम की उपलब्धता को देखते हुए ही गोदाम लेने का निर्णय निगम द्धारा लिया जायेगा ।
33. किसी भी निविदा को पूर्णत: या अंशत: अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है और परिस्थितियों कों देखते हुए निगम उपरोंक्त नियम एवं शर्तो पर पुन: विचार कर सकता है ।
34. टैक्स की कटौती आयकर नियमानुसार की जायेगी ।
35. इस संविदा के बाहर अथवा इससे संबंधित किसी प्रकार का कानूनी विवाद के निपटारे के लिए अधिकार क्षेत्र न्यायालय **इंदौर** होगा ।

36. **मध्यस्थता :-** इस सविंदा से संबंधित कोई भी विवाद उठता है तो वह विवाद मध्यस्थता के लिए किसी मध्यस्थता (जो निगम का कोई कर्मचारी नही होगा) को सौपा जाएगा। मध्यस्थता का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता को मध्यस्थता एवम समाधान अधिनियम 1996 तथा उसके बाद किसी सांविधिक पुन: अधिनियम तथा संशोधन के प्रावधान के अनुसार नियंत्रित और आयोजित किया जाएगा ।
37. यदि निविदाकर्ता निविदा की किसी भी शर्ते और/ या निविदा की प्रक्रिया के बारे में शाखा कार्यालय से जानकारी चाहे तो मांग सकता है । इसके अतिरिक्त कोई निविदा अस्वीकृत की जाती है या निविदा दस्तावेज संबंधित निविदाकर्ता को नही दिया जाता है तो निविदाकर्ता निविदा अस्वीकृत करने संबंधी कारण शाखा कार्यालय से मांग सकता है ।
38. गोदाम मालिक/प्रबन्धक को गाँठो का स्टेकिंग प्लान भी देना पड़ेगा , जिसमें अधिकतम 7 (गोदाम की ऊंचाई अनुसार) थप्पीया होगी तथा दीवार से 2 फीट की दूरी हर लॉट मे चारो तरफ से रहेगी तथा लॉट से लॉट मे 2 फीट का अंतर रहेगा । साथ ही शटर के सामने गाँठो की थप्पी नहीं लगाई जाएगी । गाँठो की आवक जावक हेतु पर्याप्त जगह गोदाम मे रखनी होगी ।
39. गोदाम में किसी अन्य वस्तु का भण्डारण निगम की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा । यदि निगम की अनुमति के पश्चात किसी अन्य वस्तु का भंडारण किया जाता है तो उसका पूर्ण रूप से बीमा लेना अनिवार्य रहेगा ।
40. निगम के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि किसी भी समय बिना कोई पूर्व नोटिस के गोदाम संपूर्ण रूप से खाली किया जा सकता है एवं अनुबंध को रद्द किया जा सकता है ।
41. सुरक्षा की दृष्टि से गोदाम में एक दिन का एवं एक रात का चौकीदार नियुक्त करना गोदाम मालिक को निवार्य होगा, जिसकी जॉच निगम द्वारा किसी भी समय की जा सकती है ।
42. गोदाम की दरें स्टाक रहने तक की अवधि के लिए मान्य होंगी।

दिनांक _____ गोदाम प्रदाता कम्पनी/पार्टी के नाम सील के साथ _____

स्थान _____ मोबाईल नम्बर _____

भा.क.नि.
CCI

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

कपास भवन, 27-ए, रेसकार्स रोड, इंदौर – 452003

दूरभाष : 2434136,2547877 फैक्स : 0731-2530523 मेल : indore@cotcorp.com

वेबसाईट www.cotcorp.org.inMinistry Website : www.ministryoftextiles.gov.in निगमित पहचान संख्या U51490MH1970GOI014733

Last Date for issue of tender : 21.09.2020 Up to 5.30 PM
Last date for submission of tender : 22.09.2020 Up to 02.00 PM

Technical Bid-I

TENDER APPLICATION FORM FOR HIRING OF PRIVATE GODOWNS
CROP YEAR: 2020-21

1. Full Name of the Godown : _____

2. Full address of Godown : _____
   Tel. No/Mobile No./E-mail ID _____
   _____
   _____

3. Name of the owner : _____

4. If company is a firm then name of Director/partner with mobile no. : 1._____
   : 2._____
   : 3._____

5. Whether the Godown is registered as MSE : Yes/ No
   (If Yes, Pls. attach concerned valid certificate)
   If yes, then specify UAN No. : _____

6. If MSE under SC/ ST category : Yes/ No
   (if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)

7. Whether the Godown is under Startup category. : Yes/ No
   (if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)

8. If MSE is under women entrepreneur category : Yes/ No
(if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)

9. PAN number (Attach copy Mandatory) : _____

10. GST registration no. (If any) : Not applicable
(Attach copy)

11. Place of Godown : _____

12. Distance from the nearest : _____
Purchase centre

13. Capacity of godown : Size (in sq. feet) in bales
1. _____
2. _____
3. _____

14. Distance from the Highway : _____

15. Distance from the Main road : _____ Kms.

16. Approach Road : Kachcha/Pakka

17. Bank Detail : Name of the Bank _____
Account No. _____
IFSC Code _____
Branch _____

18. Fire Fighting Arrangements
Availability of firex (Extinguisher) : (Yes/No) if yes, no. _____
Availability of sand buckets : (Yes/No) if yes, no. _____
Availability of water drums : (Yes/No) if yes, no. _____
Hydrants : (Yes/No) if yes, no. _____
Bore well : (Yes/No)

19. Other sources of water supply : _____
(If yes, Capacity of tank

20. Situation of Godown : within Municipal Area Yes/No
: out of Municipal Area Yes/No

21. Floor of Godown : Pakka / Kacha

22. Roofs of Godown	:	Cemented /Cemented Sheets/ Tin Sheets/ Others, specify _____
23. Distance from fire brigade Office (approx)	:	_____
24. CCTV Camera available	:	Yes/No
No. of Camera/Location	:	No. _____ Location _____

I hereby declare that the above mentioned godown is free from any kind of bank liability/ bank default. All the above details are true to the best of my knowledge.

Date:
Place:

Authorized Signatory
Stamp and Seal

On Party's Letter Head

Financial Bid-II

Tender form for hiring of private Godown to store Cotton FP bales

Sr.No.	Name of Godown	Godown Size (Sq ft.)	Storage Capacity in Bales (Approx)	Rate Per Bale/Per Month (Inclusive of all Taxes) Except GST Rs.

I/We hereby undertake to abide by all the terms and conditions of this tender. I am ready to give the godown/s mentioned in technical bid – 1 at the above rates to the corporation for cotton season 2020-21 (till the stock lasts). As provided in the terms, I shall sign the written agreement with the Corporation.

Date: ---------- **Authorized Signature**

Place: ---------- **With Stamp and Seal**